बजरंगी तेरे नाम का चोला,
अब मैने ओढ़ लिया,
मुझको अपना ले या ठुकरा दे,
सब तुझ पे छोड़ दिया,
मुझको अपना ले या ठुकरा दे,
सब तुझ पे छोड़ दिया।।

तर्ज झूट बोले कौवा काटे।

मैने छोड़ दी सारी मोह माया,
छोड़ा है ये झूठा जमाना है,
दर तेरा और चौखट तेरी,
बाला मेरा तो ठिकाना है,
जो मन में थी पाप की गगरी,
मैने उसको फोड़ दिया,
मुझको अपना ले या ठुकरा दे,
सब तुझ पे छोड़ दिया।।

मेरा रोम रोम बजरंगबली,
एक तेरा ही तो दीवाना है,
मैं धन दौलत कुछ ना चाहूँ,
तेरा नाम का मुझपे खजाना है,
इस जीवन की डोर का नाता,
मैने तुझसे जोड़ लिया,
मुझको अपना ले या ठुकरा दे,

सब तुझ पे छोड़ दिया।।

अब तुझसे बाला कुछ ना छुपा,
तू सबके मन की जाने है,
तेरे नाम बिना जो दर्द सहे,
सब तुझको तो बतलाने है,
भक्तो की राहों में आता,
हर तूफा मोड़ दिया,
मुझको अपना ले या ठुकरा दे,
सब तुझ पे छोड़ दिया।।

मेरे बाबा तुझसे अर्जी है,
तू मुझको दूर नहीं करना,
तेरी चौखट पे तेरा नाम भजु,
जब बाबा मुझको हो मरना,
इन साँसों की लहरों के संग,
तेरे नाम को जोड़ दिया,
मुझको अपना ले या ठुकरा दे,
सब तुझ पे छोड़ दिया।।

बजरंगी तेरे नाम का चोला,
अब मैने ओढ़ लिया,
मुझको अपना ले या ठुकरा दे,
सब तुझ पे छोड़ दिया,
मुझको अपना ले या ठुकरा दे,
सब तुझ पे छोड़ दिया।।

Singer : Ramkumar Lakkha

Source: https://www.bharattemples.com/bajrangi-tere-naam-ka-chola/

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw